जबसे मिले हो सांवरे दुनिया संवर गई

जबसे मिले हो सांवरे दुनिया संवर गई,
अश्को से नम मेरी ज़िंदगी खुशियों से भर गई,
जबसे मिले हो सांवरे दुनिया संवर गई

हाथो में हाथ ले लिया इसे छोड़ना नहीं,
नाजुक की बहुत है दिल मेरा इसे तोडना नहीं,
जब से छवि तेरी सँवारे दिल में उतर गई,
अश्को से नम मेरी ज़िंदगी खुशियों से भर गई,
जबसे मिले हो सांवरे दुनिया संवर गई

किस्मत हो या समय की रंग साभने सितम किया,
तूने शरण में सँवारे जब से मुझे लिया,
सिर पे जो थी मुशीबते जाने किधर गई,
अस्को से नम मेरी ज़िंदगी खुशियों से भर गई,
जबसे मिले हो सांवरे दुनिया संवर गई

दिलबर तुहि दिलदार तू हमराज तू सनम,
तू ही जिगर तू ही जान है मेरे सँवारे सनम,
तुम्ही दिखे जिधर यहाँ मेरी नजर नै,
अस्को से नम मेरी ज़िंदगी खुशियों से भर गई,
जबसे मिले हो सांवरे दुनिया संवर गई

खुद को बचा की लेहरो से इतना चली थी हम,
फिर भी मेरी कश्ती फसी इस बात का था गम,
तेरी किरपा से बेधड़क हालत सुधर गई,
अस्को से नम मेरी ज़िंदगी खुशियों से भर गई,
जबसे मिले हो सांवरे दुनिया संवर गई

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/6872/title/jabse-mile-ho-sanware-duniya-sawar-gai-aksho-se-nm-meri-zindgai-khushiyo-se-bhar-gai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |